हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
'सामान्य प्रशासन शाखा'

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 31 मई, 2019 को अपराह्न 12:30 बजे आचार्य सिकन्दर कुमार, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. आचार्य राजिन्द्र सिंह चौहान, प्रति कुलपति,
2. श्री डी.डी शर्मा, नामिति, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि0प्र0
3. डा. अमरजीत के. शर्मा, शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश
4. आचार्य श्याम लाल कौशल, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय
5. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त–विज्ञान संकाय
6. श्री आशिश कुमार मिश्रा, प्राचार्य
7. आचार्य एस.एस. कंवर, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग
8. श्री सुभाष ठाकुर, विधायक (बिलासपुर–सदर), नामिति प्रदेश सरकार
9. आचार्य एन.के. शारदा, नामिति कुलाधिपति
10. आचार्य वी.पी. शर्मा, नामिति कुलाधिपति
11. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह–आचार्य
12. श्री घनश्याम चन्द (हि.प्र.से.) कुलसचिव — सदस्य–सचिव

मद संख्या–1: कुलपति महोदय का वक्तव्य।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की द्वितीय नियमित बैठक में कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होने विशेष तौर पर श्री बिपन कुमार जोकि गैर–शिक्षक कर्मचारियों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य थे और उनका कार्यकाल इसी माह समाप्त हुआ है, का कार्यकारिणी परिषद् की बैठकों में उनके योगदान के लिए विशेष आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत करवाया कि विगत अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाएें आयोजित की गईः–

1. दिनांक 24–25 जनवरी, 2019 राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासनिक संस्थान, नई दिल्ली में "नेतृत्व विकास" विषय पर एक कार्यशाला में कुलपति के रूप में भाग लिया।
2. दिनांक 26 जनवरी, 2019 को विश्वविद्यालय परिसर में गणतन्त्र दिवस आयोजित किया गया।
3. दिनांक 28 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ में राष्ट्रीय समिति की बैठक में विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया।

4. दिनांक 29 जनवरी, 2019 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में भारत के प्रधान मन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सम्बोधित "*परीक्षा पे चर्चा – परीक्षा की बात पी.एम. के साथ*" कार्यक्रम प्रसारित किया गया।
5. दिनांक 30 जनवरी, 2019 को विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी शहीदी दिवस आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा।
6. दिनांक 6 फरवरी, 2019 को कुलपति कार्यालय में श्री मनीष अग्रवाल, उप–सचिव, सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली के साथ बैठक आयोजित की गई।
7. दिनांक 22 फरवरी, 2019 को लुधियाना में "अर्न्तविषयक ज्ञानवर्धन पर व्यवसायिक जानकारी को उपलब्ध कराना" विषय पर वार्षिक अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
8. दिनांक 25 फरवरी, 2019 को मानव संसाधन विकास केन्द्र में उन्मुखी कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
9. दिनांक 26 फरवरी, 2019 को कॉंगू, हमीरपुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। मैंने इस शिविर में विशेष अतिथि के तौर पर भाग लिया।
10. दिनांक 1 मार्च, 2019 को समिति कक्ष में सरदार बल्लभ भाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय की प्रबन्धन बोर्ड की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।
11. दिनांक 8 मार्च, 2019 को समिति कक्ष में महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र द्वारा लिंग समानता विषय पर एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
12. दिनांक 11 मार्च, 2019 को समिति कक्ष में विभागाध्यक्षों, निदेशकों एवं अधिष्ठाता योजना एवं प्राध्यापक मामले के साथ विचार विमर्श किया गया।
13. दिनांक 11 मार्च, 2019 को ही कुलपति कार्यालय में हिमाचल प्रदेष विश्वविद्यालय प्राध्यापक संघ तथा विश्वविद्यालय प्राध्यापक कल्याण संघ के साथ बैठक आयोजित की गई।
14. दिनांक 15 मार्च, 2019 को समिति कक्ष में नकद, ऑनलाईन, डिमांड ड्राफ्ट आदि के माध्यम से एकत्र किए गए किसी भी प्रकार के शुल्क लेने हेतु सामन्जस्य के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया।
15. दिनांक 15 मार्च, 2019 को कुलपति कार्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के साथ बैठक आयोजित की गई।
16. दिनांक 16 मार्च, 2019 को राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
17. दिनांक 18 मार्च, 2019 को नई दिल्ली में आई.सी.सी.आर. के वार्षिक सम्मेलन में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
18. दिनांक 19 मार्च, 2019 को विश्वविद्यालय विधिक संस्थान में महिलाओं के संवेदीकरण पर एक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
19. दिनांक 20 मार्च, 2019 को विश्वविद्यालय सभागार में दृश्य कला विभाग द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य भगवत गीता को भरत नाटयम स्टाईल को डॉ. स्मृति बाघेला, एम.एस.विश्वविद्यालय, बरोदा, गुजरात ने प्रस्तुत किया।
20. दिनांक 20 मार्च, 2019 को कुलपति कार्यालय में आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के प्रबन्धक के साथ शुल्क संग्रह एवं भुगतान समाधान विषय पर विचार–विमर्ष किया।
21. दिनांक 26 मार्च, 2019 को पीटर हॉफ, शिमला में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

2/

22. दिनांक 28 मार्च, 2019 को द्रोणाचार्य पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, रायत कांगड़ा के कॉलेज फेस्ट नवरंग में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
23. दिनांक 29 मार्च, 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूज़ीलैण्ड अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
24. दिनांक 29 मार्च, 2019 को आई.आई.आई.टी. उना द्वारा आयोजित पहला स्नातक दिवस एवं दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में भाग लिया।
25. दिनांक 2 अप्रैल, 2019 को राजकीय महाविद्यालय, सोलन द्वारा आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
26. दिनांक 3 अप्रैल, 2019 को हिमाचल प्रदेष विश्वविद्यालय में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में "नशाखोरी उन्मूलन एवं देशभक्ति" विषय पर एक व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
27. दिनांक 9 अप्रैल, 2019 को गेयटी थियेटर, शिमला में शिमला नर्सिंग महाविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित वार्षिक दिवस कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
28. दिनांक 18 अप्रैल, 2019 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आचार्य अमरजीत सिंह, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ द्वारा समकालीन समाज में अम्बेडकर के विचार की प्रासंगिकता पर व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया गया।
29. दिनांक 24 अप्रैल, 2019 को विश्वविद्यालय खेल मैदान में विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल द्वारा वार्षिक खेलकूद पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
30. दिनांक 25 अप्रैल, 2019 को समिति कक्ष में अन्तर विषयक विभाग, एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला आई.सी.टी. दिवस पर एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
31. दिनांक 2 मई, 2019 को कुलपति कार्यालय में कनाडा की कॉंसल जर्नल मिया यन के साथ शिष्टाचार स्वरूप भेंट की।
32. दिनांक 2 मई, 2019 को कुलपति कार्यालय में बाथ स्पा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमण्डल के साथ शिष्टाचार शैक्षणिक आदान–प्रदान पर विचार–विमर्श किया गया।
33. दिनांक 3 मई, 2019 को विश्वविद्यालय विधिक संस्थान में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।
34. दिनांक 4 मई, 2019 को कुलपति कार्यालय में नोयडा स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सम्पर्क कार्यालय से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई।
35. दिनांक 4 मई, 2019 को समिति कक्ष में दृश्य कला विभाग, संस्कार भारती, हिमाचल प्रदेश एवं कला, भाषा व संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक संगोष्ठि में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
36. दिनांक 4 मई, 2019 को आईस स्केटिंग रिंक में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित श्री राम कथा में भाग लिया।
37. दिनांक 10 मई, 2019 को समिति कक्ष में राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लंबित पड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श किया।
38. दिनांक 20 मई, 2019 को मानव संसाधन विकास केन्द्र में भूगोल विभाग और पृथ्वी विज्ञान के पुनश्चर्या पाठयक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

39. दिनांक 22 मई 2019 को विश्वविद्यालय के सभागार में विश्वविद्यालय एवं भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ (**Indian Science Congress Association**) के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "भारत का भविष्य : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

40. दिनांक 28 मई, 2019 को विश्वविद्यालय परिसर में आंगनवाड़ी एवं क्रेच केन्द्र का उद्घाटन किया गया।

तत्पश्चात कुलपति महोदय ने कुलसचिव से आग्रह किया के वे आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

......

**मद संख्या–2: कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 22–01–2019 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 22.01.2019 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।

........

**मद संख्या–3: कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 22–01–2019 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।**

कार्यकारिणी परिषद् द्वारा परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 22.01.2019 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को अवलोकित कर अनुमोदित किया।

........

**मद संख्या–4: माननीय कुलपति महोदय द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवम मुक्त अध्ययन केन्द्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा नोएडा अथॉरिटी से 90 वर्ष की लीज पर भूमि अधिग्रहण की एवज में शेष बचे 72 वर्ष के लिए लीज रैंट को एकमुश्त भुगतान मुबलिक रू० 77,34,375.00 हेतु लिए गए निर्णय के संदर्भ में कृत कार्रवाई कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ/पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा नोएडा अथॉरिटी से 90 वर्ष की लीज पर भूमि अधिग्रहण की एवज में शेष बचे 72 वर्ष के लिए रैंट के एकमुश्त भुगतान मु० रू० 77,34,375.00 के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–5: कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त मद बारे।

कार्यकारिणी परिषद् के किसी सम्माननीय सदस्य से निधारित समय अवधि में कोई मद प्राप्त नहीं हुई।

.........

मद संख्या–6: श्री इन्द्र सिंह डोगरा, सेवानिवृत सुरक्षा अधिकारी के सेवा समाप्ति से बहाली तक की अवधि दिनांक 23.02.2005 से 26.08.2008 (3वर्ष 6 माह 2 दिन) को सेवा अवधि (Duty Period) माने जाने व इस अवधि के मध्य देय वित लाभों को सांकेतिक आधार पर रखने तथा उक्त अवधि को उनके सेवा निवृति लाभों हेतु अर्हकसेवा(Qualifying Services) में सम्मिलित करने हेतु व अन्य ऐसे मामले डॉ० कुलदीप चंद अग्निहोत्री (सेवानिवृत आचार्य) व डॉ० अजय श्रीवास्तव, आचार्य पर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

कार्यकारिणी परिषद् ने श्री इन्द्र सिंह डोगरा, सेवानिवृत सुरक्षा अधिकारी की सेवा समाप्ति से बहाली तक की अवधि दिनांक 23.02.2005 से 26.08.2008 (3वर्ष 6 माह 2 दिन) को सेवा अवधि(Duty Period) माने जाने तथा इस अवधि को सांकेतिक आधार पर रखते हुए सेवानिवृति लाभों हेतु अर्हक सेवा(Qualifying Service) को पूर्व में अन्य ऐसे मामले डॉ० कुलदीप चंद अग्निहोत्री (सेवानिवृत्त आचार्य) व डॉ० अजय श्रीवास्तव, आचार्य के समरूप सम्मिलित करने को अनुमोदन प्रदान किया तथा इस प्रकरण को वित्त समिति के समक्ष भी प्रतिवेदित करने का निर्णय लिया।

.........

मद संख्या–7: **To place before the Executive Council the matter regarding Grant of Extra Ordinary Leave (without pay) under Ordinance 36.4 (d) of the First Ordinances of H.P. University for a period of one year w.e.f. 02-03-2019 in favour of Dr.(Mrs.) Anupama Singh, Professor of Public Administration, ICDEOL for taking up employment as Secretary to Vice Chancellor, Sardar Vallabh bhai Patel Cluster University, Mandi.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ० (श्रीमति) अनुपमा सिंह, आचार्य लोक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र के पक्ष में विश्वविद्यालय अध्यादेश 36.4(d) के अनुसार दिनांक 02.03.2019 से लोकहित में एक वर्ष की अवधि के लिए Extra Ordinary Leave (without pay) प्रदान करने को अनुमोदन प्रदान किया।

.........

मद संख्या–8: आचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, शारिरिक शिक्षा विषय की जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह–आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति की तिथि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देश–2000 के अनुसार पुनःनिर्धारण करने बारे प्रकरण कार्यकारिणी परिषद के अवलोकन एवं उचित निर्णय हेतु प्रस्तुत है।

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा आचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग की जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह–आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति की तिथि को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पूर्व संशोधित दिशानिर्देश–2000

अधिसूचना दिनांक 04.04.2000 के अंतर्गत विनियमन करते हुए सह–आचार्य के पद पर आठ वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने एवं अन्य अहर्ताओं की पूर्ति पर चयन समिति की अनुशंसा अनुरूप दिनांक 21.03.2008 को पूर्व–निर्धारित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

**मद संख्या–9: शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 28.03.2019 में लिए गए निर्णयों/सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु मामला प्रस्तुत करने बारे।**

कार्यकारिणी परिषद् ने शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की दिनांक 28.03.2019 को हुई बैठक की कार्यवाही को **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया तथा स्थायी समिति की बैठक की कार्यवाही के संलग्नक **ख** एवं **ङ** के अंतर्गत विश्वविद्यालय अध्यादेश में संशोधन का मामला नियमानुसार माननीय कुलाधिपति को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

कार्यकारिणी परिषद् ने स्थायी समिति की उपरोक्त बैठक की अनुशंसा अनुरूप BA/B.Sc./B.Com. व शास्त्री कक्षाओं के वर्ष 2000 से 2012–13 सत्र तक के ऐसे छात्रों जो निर्धारित अवधि में अपनी उपाधि पूर्ण नहीं कर पाए हैं को उपाधि पूर्ण करने हेतु रु 5000/– प्रति वर्ष फीस के साथ पुराने पाठ्यक्रम (2012–2013) के अनुसार तथा BCA/BBA कक्षाओं के वर्ष 2000 से 2013–14 सत्र तक के छात्रों के लिए रु 20000/– प्रति सत्र / वर्ष फीस के साथ 2013–2014 पाठ्यक्रम के अनुसार उपाधि पूर्ण करने हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करने को अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–10:**To place before the Executive Council the matter regarding Change of nomenclature of H.P. University Centre for Evening Studies, to the H.P. University, Department of Evening Studies on the analogy of Panjab University, Chandigarh.**

कार्यकारिणी परिषद् ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र का नाम परिवर्तित कर सांध्यकालीन विभाग (Department of Evening Studies) करने हेतु अपना सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–11:**विश्वविद्यालय कुलगीत मूल संस्करण से प्रस्तावना संगीत (Intero Music) जिसकी अवधि 32 सैकिण्ड है को हटाकर कुलगीत को पुर्वस्थिति बहाल करने बारे समिति की सिफारिशें कार्यकारिणी परिषद् के अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा गठित समिति की अनुशंसा अनुरूप विश्वविद्यालय कुलगीत के मूल संस्करण से प्रस्तावना संगीत (Intero Music) जिसकी अवधि 32 सैकिण्ड है को हटाकर पुर्नस्थिति बहाल करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।।

........

मद संख्या–12: **To place before the Executive Council the matter with regard to approving the scale of Rs. 15600-39100+6000AGP w.e.f. 1.1.2006 as notional to those research staff (RI/FI) of the PRC Shimla who possess Ph. D degree and have completed minimum 10 years length of service as recommended by Committee constituted by Hon'ble Vice Chancellor, HP University, Shimla during its IV meeting held on 17th April and approved by the Hon'ble Vice-Chancellor.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ० सविता ठाकुर जोशी, रिसर्च इनवेस्टीगेटर व डॉ० निरंजना भंडारी, फील्ड इनवेस्टीगेटर, जिन्होंने दस वर्ष का सेवाकाल व पीएच. डी. की उपाधि पूर्ण कर ली है, के पक्ष में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 23.05.2019 के अनुरूप वेतनमान रूपये 15600–39100+6000 AGP दिनांक 01.01.2006 से अधिसूचना जारी होने तक सांकेतिक (notionally) प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–13: **The matter for clarification before the Executive Council regarding the application of Principle of rotation for the appointment of Chairman under the provisions of Statutes 13(1)(v)(v) of the First Statutes of the University.**

कार्यकारिणी परिषद् ने मद पर विस्तार से चर्चा उपरांत स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय अधिनियम के वर्तमान प्रावधान **13(1)(v)(v)** के अनुरूप आचार्यों व सह–आचार्यों की संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर विभागाध्यक्षों की नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए की जाती है तथा माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा याचिका संख्या 618/91 डॉ० बी. एस. पठानिया बनाम हि. प्र. विश्वविद्यालय व अन्य के मामले में चक्रानुक्रम में सह–आचार्य से आचार्य पद पर नियुक्ति की स्थिति में भी ऐसे आचार्य विभागाध्यक्ष नियुक्त होने के लिए पात्र है जब तक ऐसे सह–आचार्यों के आचार्य पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप आचार्यों एवं सह–आचार्यों की वरिष्ठता सूची में किसी प्रकार का विघ्न न पड़ता हो। क्योंकि श्री देवेन्द्र शर्मा व श्री राज कुमार सिंह सह–आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति से आचार्यों की वरिष्ठता सूची में कोई विघ्न नहीं पड़ा और उन्हें आचार्य की सबसे निचले पायदान पर नियुक्ति प्रदान हुई है। अतः कार्यकारिणी परिषद् ने निर्णय लिया कि उपरोक्त दोनों पदधारी अपने अनुक्रम में बतौर विभागाध्यक्ष दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति हेतु पात्र है।

........

मद संख्या–14: **To Place before the Executive Council the matter regarding reinstating in service with continuity in service in respect of Dr.(Mrs.) Amita Sharma on the post of Lecturer (SG) in Hindi, H.P.university Centre for Evening Studies, Shimla as per order dated 13-04-2018 passed in TA No. 4833 of 2015 by the Hon'ble Administrative Tribunal, Shimla.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ०(Ms.) अमिता शर्मा, Lecturer (SG) हिन्दी, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, दि–मॉल, शिमला–1 के पक्ष में

2

माननीय हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक प्राधिकरण द्वारा टी.ए. न० 4833 / 2015 में दिनांक 13.04.2018 को पारित आदेशों की अनुपालना में उक्त शिक्षिका को विश्वविद्यालय में पूर्व तिथि अर्थात् पदाच्युत की तिथि 22.06.2001 से सांकेतिक आधार पर पुनःस्थापित करने एवं तदानुरूप सेवानिवृति पर सेवा लाभ जारी करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

**मद संख्या–15 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्रों को जारी नवीनतम दिशानिर्देशों (2019) के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ संशोधित सहमति (Agreement) के लिए Memorandum of Understanding हस्ताक्षरित करने बारे मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अनुमोदन हेतु।**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा–निर्देशों(2019) के अनुरूप विश्वविद्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केन्द्र एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मध्य प्रारूप समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding (MOU) हस्ताक्षरित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

**मद संख्या–16:हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा नववर्ष 2019 में प्रकाशित विश्वविद्यालय की डायरी, कैलैण्डर इत्यादि के प्रकाशन को स्वीकृति तथा इस सम्बन्ध में प्रदेश सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी मितव्ययता सम्बन्धी निर्देश संख्याः15–2 / 94–हि0प्र0वि0वि0(सामान्य) दिनांक 28–12–1999 को वापिस करने बारे।**

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा वर्ष 2016 में विश्वविद्यालय के निरीक्षण के दौरान अपेक्षा की गई थी कि विश्वविद्यालय के प्रकाशन, जैसे कि न्यूज़लैटर, वार्षिक प्रतिवदेन, वार्षिक लेखा रिपोर्ट इत्यादि के साथ–साथ विश्वविद्यालय द्वारा डायरी एवं कैलेण्डर को भी प्रकाशित किया जाना चाहिए, जिसके अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019 में अपनी डायरी व कैलेण्डर प्रकाशित किए गए हैं, जबकि प्रदेश सरकार के दिशा–निर्देश संख्या Fin.I(C)14-1/92-Vol-I दिनांक 16-11-1999 जिसे विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना संख्याः15–2 / 94–हि.प्र.वि. (सामान्य) दिनांक 28–12–1999 के अंर्तगत अपनाया गया है।

अतः कार्यकारिणी परिषद् ने प्रदेश सरकार के मितव्ययता संबंधी उपरोक्त दिशा–निर्देशों, जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना संख्या 15–2 / 94.हि.प्र.वि.(सामान्य) दिनांक 28.12.1999 द्वारा अपनाया गया है को दिनांक 01.01.2019 से वापिस लेने तथा विश्वविद्यालय को अपने स्तर पर इनके प्रकाशन हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–17: **To place before the Executive Council the matter regarding entitlement of credit of 12 days earned leave in place of 13 days**

**in lieu of curtailment of un-availed vacation w.e.f. 2000-2001 to teaching staff.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय के शिक्षक वर्ग के पक्ष में वर्ष 2000–2001 से अनुपलब्ध अवकाश की एवज में 13 दिन के अर्जित अवकाश के स्थान पर 12 दिन करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–18:**To place before the Executive Council the matter regarding transfer/absorption of Dr. Manish Dulta, Assistant Professor, Public Administration, Himachal Pradesh University Regional Centre, Dharamshala to Department of Public Administration, H.P.University, Shimla in larger interest of students.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ० मनीष दुल्टा, सहायक आचार्य, लोक प्रशासन, हि.प्र. विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र, धर्मशाला का लोक प्रशासन विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थानांतरण विशेष पारिस्थितिक कारणों से अनुमोदन प्रदान किया क्योंकि हि.प्र. विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र, धर्मशाला में लोक प्रशासन विषय को समाप्त कर दिया गया है। हालांकि इस निर्णय को भविष्य में पूर्ववर्तिता(Precedence) न समझा जाए।

........

मद संख्या–19 **To place before the Executive Council the request of Mr.Shiv Kumar for granting two Special Chance for completing the PG degree under Science Stream.**

कार्यकारिणी परिषद् ने पूर्व में स्नातकोत्तर कला विषयों में प्रदान किए गए विशेष अवसरों की तर्ज (Analogy) पर एम.ए./एम.एस.सी गणित विषय में वर्ष 2000 या उसके उपरांत अनुतीर्ण छात्रों जिनका परीक्षा उतीर्ण करने के लिए परीक्षा न दे पाने का समय अंतराल चार वर्ष से अधिक हो चुका है, के समय अंतराल को माफ करते हुए एम.ए/एम.एस.सी (गणित) की उपाधि उत्तीर्ण करने के लिए दो विशेष अवसर नवम्बर, 2019 व जून, 2020 में रू. 10,000/– प्रति सत्र शुल्क के साथ प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–20 **To place before the Executive Council the matter with regard to grant Special Chance for improvement of division of UG degree to the students who obtained their UG degree from the Himachal Pradesh University before 1990.**

कार्यकारिणी परिषद् ने वर्ष 1990 से पूर्व स्नातक उपाधि में श्रेणी सुधार हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया तथा उपरोक्त श्रेणी सुधार हेतु छात्रों को दो विशेष अवसर प्रदान करने से पूर्व इस संदर्भ में परीक्षा नियन्त्रक से पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, प्रश्न–पत्र छपाई तथा परीक्षा शुल्क इत्यादि पर चर्चा उपरांत निर्णय लेने हेतु कुलपति को अधिकृत किया।

........

**मद संख्या–21 कार्यकारिणी परिषद के समक्ष विभिन्न विषयों में जीवनवृत उन्नति योजना के अर्न्तगत सहायक आचार्य से सह आचार्य व सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु आयोजित चयन समिति (यों) की सिफारिशें प्रस्तुत करने बारे।**

मद पर चर्चा से पूर्व बैठक में उपस्थित आचार्य एन. के. शारदा ने सूचित किया कि उनका डॉ० मृदुला शारदा, सहायक आचार्य से नजदीकी रिश्ता है जिसके फलस्वरूप वह इस मद पर चर्चा हेतु उपस्थित नहीं रहना चाहते तथा अध्यक्ष की अनुमति के उपरांत वे बैठक कक्ष से बाहर चले गए।

तदोपरांत कार्यकारिणी परिषद ने जीवनवृत उन्नति योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों में हुई चयन समिति की सिफारिशों को अनुमोदन प्रदान किया:–

1. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (विधि विषय) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सहायक आचार्य से सह आचार्य के पद पर पदोन्नति:–**

   1. डॉ० (श्रीमति) रूना मेहता, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर दिनांक 13.06.2017 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।
   2. डॉ० राजेन्द्र वर्मा, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर दिनांक 11.06.2018 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

   कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

2. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (राजनीतिक शास्त्र विषय) इक्डोल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सहायक आचार्य से सह आचार्य के पद पर पदोन्नति:–**

   डॉ० (श्रीमति) मृदुला शारदा, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद दिनांक 30.09.2016 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

   कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

3. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (शिक्षा विषय) इक्डोल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सहायक आचार्य से सह आचार्य के पद पर पदोन्नति:–**

   डॉ० विशाल सूद, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर दिनांक 25.02.2015 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

   कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

4. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (इतिहास विषय) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सहायक आचार्य से सह आचार्य के पद पर पदोन्नति:–**

श्री अरूण कुमार सिंह, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर दिनाक 17.02.2014 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

5. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (मनोविज्ञान विषय) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सहायक आचार्य से सह आचार्य के पद पर पदोन्नतिः–**

डॉ० सुनील शर्मा, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर दिनांक 01.07.2017 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

6. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (वाणिज्य विषय) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, शिमला–1 में सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नतिः–**

डॉ०(श्रीमति) आरती पंडित धवन, सह आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर दिनांक 03.03.2018 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

7. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (शिक्षा विषय) इक्डोल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नतिः–**

1. डॉ० अजय कुमार अत्री, सह आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर दिनांक 01.02.2018 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।
2. डॉ० कुलदीप सिंह कटोच, सह आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर दिनांक 01.02.2018 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

8. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (मनोविज्ञान विषय) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नतिः–**

डॉ० अनीता शर्मा, सह आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर दिनांक 28.01.2019 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

9. **जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत (पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय), हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5 में सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नतिः–**

डॉ० विकास डोगरा, सह आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर दिनांक 17.02.2018 से पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

........

मद संख्या–22: **To confer the degree of Doctor of Literature (D.Lit.) to Dr.Vivek Verma in the Faculty of Performing and Visual Arts.**

कार्यकारिणी परिषद् ने दृश्य एवं श्रव्य कला संकाय (Faculty of Performing and Visual Arts) के अंतर्गत डॉ० विवेक वर्मा के पक्ष में डी.लिट उपाधि प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–23: **कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष पत्रकारिता विभाग में एम0एम0सी0 (MMC) के Nomenclature को M.A.(JMC) करने बारे सैद्वान्तिक मंजूरी करने हेतु मामला अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद ने पत्रकारिता विभाग में वर्तमान एम०एम०सी०(MMC) विषय का नाम परिवर्तित कर M.A.(JMC) करने हेतु सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–24: **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द पीठ व डा. केशव बलिराम हेडगेवार पीठ स्थापित/ सृजित करने हेतु मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने स्वामी विवेकानन्द पीठ व डॉ० केशव बलिराम हेडगेवार पीठ सृजित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

मद संख्या–25:**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थापित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, गुरू नानक देव एवं स्वामी दयानन्द पीठों को क्रियाशील करने हेतु मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, गुरू नानक देव एवं स्वामी दयानन्द पीठों को क्रियाशील करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

........

**मद संख्या–26 To place Anual Progress report of the Chair established in H.P. University namely Dr. Y.S.Parmar Chair before the Executive Council for consideration and approval.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ० वाई. एस. परमार पीठ के अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत अकादमिक सत्र 2018–19 की वार्षिक कार्य प्रगति रिर्पोट का अवलोकन करने के पश्चात भविष्य में पीठ के अध्यक्ष को नियमानुसार विस्तृत कार्य करने के लिए भी निदेर्शित किया।

........

**मद संख्या–27 To place Annual Progress report of the Chair established in H.P. University namely Deendayal Upadhyaya Chair before the Executive Council for consideration and approval**

कार्यकारिणी परिषद् ने दीन दयाल उपाध्याय पीठ के अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत अकादमिक सत्र 2018–19 की वार्षिक कार्य प्रगति रिर्पोट का अवलोकन करने के पश्चात भविष्य में पीठ के अध्यक्ष को नियमानुसार विस्तृत कार्य करने के लिए भी निदेर्शित किया।

........

**मद संख्या–28 To place Annual Progress report of the Chair established in H.P. University namely Dr. B.R.Ambedkar Chair before the Executive Council for consideration and approval**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ० बी. आर. अम्बेडकर पीठ के अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत अकादमिक सत्र 2018–19 की वार्षिक प्रगति रिर्पोट का अवलोकन करने के पश्चात भविष्य में पीठ के अध्यक्ष को नियमानुसार विस्तृत कार्य करने के लिए भी निदेर्शित किया।

........

मद संख्या–29 विश्वविद्यालय में कार्यरत (**Left Out Categories**) को सचिवालय भत्ता प्रदान करने का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ / अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

कार्यकारिणी परिषद् ने समिति की सिफारिशों के अनुरूप विश्वविद्यालय में कार्यरत (Left Out Categories) को सचिवालय भत्ता प्रदान करने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की तथा मामले को वित्त समिति के समक्ष प्रतिवेदित करने की भी सिफारिश की।

........

मद संख्या–30 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विश्वविद्यालय परिसर में सफाई (सेनीटेशन) के कार्यों को पूर्व के अतिरिक्त अन्य नए भवनों को सम्मिलित कर आगामी दो वर्षों के लिए सुलभ इंटरनेशनल संस्था द्वारा करवाए जाने एवं पूर्व में किए गए कार्यों के **GST** के नियमानुसार भुगतान का मामला विचारार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

2

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय के सफाई कार्य पूर्व में आबटित भवनो के अतिरिक्त शेष भवनों में भी सुलभ इन्टरनेशनल संस्था द्वारा करवाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया तथा उक्त कार्य में GST का भुगतान नियमानुसार करने को भी स्वीकृति प्रदान की।

........

मद संख्या–31 **To Place before the Executive Council the matter regarding complaint against Sh. Pramod Sharma, Professor, Himachal Pradesh University participating in political campaign for BJP candidate.**

कार्यकारिणी परिषद् ने भारतीय चुनाव आयोग, नई दिल्ली की अनुशंसानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के पत्र दिनांक 21.05.2019 के निर्देशों की अनुपालना हेतु प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्रवाई हेतु अपनी अनुमति प्रदान की तथा निम्नलिखित सदस्यों की समिति का गठन किया जो परीक्षण उपरान्त अपनी अनुशंसाए कुलपति को एक माह के भीतर प्रस्तुत करेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. एन.के. शारदा, सदस्य कार्यकारिणी परिषद् | – | अध्यक्ष |
| 2. आचार्य एस.एस. कंवर, सदस्य कार्यकारिणी परिषद् | – | सदस्य |
| 3. अधिष्ठाता, योजना एवं अध्यापक मामले | – | सदस्य |
| 4. विभागाध्यक्ष, विधि विभाग | – | सदस्य |
| 5. कुलसचिव | | –सदस्य–सचिव |

परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि समिति मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या 3–4/2019–ई.एल.एन. दिनांक 28.05.2019 के संदर्भ में भी जांच करेगी एवं अपनी अनुशंसा एक माह के भीतर प्रस्तुत करेगी। कार्यकारिणी परिषद् ने माननीय कुलपति महोदय को उक्त समिति की अनुशंसानुरूप आवश्यक कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाने के लिए भी अधिकृत किया।

<u>यथा–स्थान मदें:–</u>

सदस्य आचार्य एस. एस. कंवर ने कार्यकारिणी परिषद के समक्ष निम्नलिखित मामले उठाए:–

आचार्य एस. एस. कंवर माननीय सदस्य ने सूचित किया कि विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि संकाय हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना दिनांक 28.01.2019 को विश्वविद्यालय में अपना लिया गया है जबकि उक्त अधिसूचना की क्रम संख्या–1 में देय संशोधित मानदेय दर रूपये 1500/– प्रति व्याख्यान तथा अधिकतम रूपये 50000/– प्रति माह को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में नहीं अपनाया गया है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि डॉ० वाई. एस. परमार, वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा संशोधित दरें लागू कर दी गई हैं। इस पर कुलपति ने आश्वासन दिया कि प्रदेश के अन्य राजकीय विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाई गई अधिसूचना का परीक्षण करने के पश्चात इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

आचार्य एस. एस. कंवर, माननीय सदस्य ने विश्वविद्यालय शिक्षक व गैर–शिक्षक कर्मचारियों की ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम(GIS) में बीमा सुरक्षा कवच को वर्तमान रूपये 2,00,000/– से बढ़ाकर रूपये 20,00,000/– करने का मामला उठाया। जिस पर कुलपति ने सूचित किया कि ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम(GIS) प्रदेश सरकार के नियमों के अधीन लागू की गई है तथा इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन प्रदेश सरकार के स्तर पर ही किया जा सकता है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि यह मामला प्रदेश सरकार के साथ उठाया जाएगा।

आचार्य एस. एस. कंवर, माननीय सदस्य ने विश्वविद्यालय में पार्ट टाइम पीएच.डी. कार्यक्रम की अनुमति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम–2016 के क्रम संख्या–10 पर प्रदान की गई छूट के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा इसकी अनुमति प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि अनेक कार्यरत कर्मचारी पूर्ण कालिक पीएच.डी. कार्यक्रम करने में सक्षम नहीं है। इस पर कार्यकारिणी परिषद् ने मामले के परीक्षण हेतु निम्नलिखित समिति के गठन का निर्णय लिया:–

1. अधिष्ठाता अध्ययन, हि.प्र.वि.वि., शिमला –अध्यक्ष
2. सभी संकायों के अधिष्ठाता –सदस्य
3. सहायक–कुलसचिव(शैक्षणिक शाखा) –संयोजक

आचार्य एस. एस. कंवर ने विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि संकाय द्वारा प्रस्तुत की जा रही उनकी सेवाओं को नियमितीकरण हेतु प्रस्तुत प्रत्यावेदन भी कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुरूप ही कार्रवाई करने का निर्णय लिया।

डॉ० अमरजीत कुमार शर्मा, निदेशक, उच्च शिक्षा ने सूचित किया कि उनके निदेशालय में अनेक गैर–राजकीय महाविद्यालयों से प्रतिवेदन प्राप्त हो रहे हैं जिसमें वे बी. एस.सी कृषि विषय में पाठ्यक्रम चलाने की मांग उठा रहे हैं परंतु विश्वविद्यालय में यह विषय न होने के कारण इस पाठ्यक्रम में सम्बद्धता प्रदान नहीं की जा सकती। अतः उन्होंने निवेदन किया कि विश्वविद्यालय इस संदर्भ में शीघ्र उचित निर्णय ले। इस पर कुलपति ने मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अंत में छात्र संगठनों द्वारा कार्यकारिणी परिषद् के सदस्यों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए मांगपत्रों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे कुलपति ने बिन्दूवार परिषद् के समक्ष पढ़कर सुनाया तथा कार्यकारिणी परिषद् ने सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। हालांकि परिषद द्वारा होस्टलों में रात्रि 10:00 बजे के बाद छात्रों को अनुमति प्रदान करने बारे मांग पर विस्तृत

चर्चा की तथा विश्वविद्यालय में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत इस पर यथोचित समय पर आवश्यकता अनुसार निर्णय लेने हेतु कुलपति को अधिकृत किया।

कुलपति ने परिषद् को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय द्वारा गणित विषय के पेपर 503 के रिजल्ट में उर्त्तीण विद्यार्थियों की संख्या कम होने के मामले पर पहले ही नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को उक्त पेपर के पुनः मूल्यांकन के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

शोध छात्रों की मासिक फीस को वापिस लेने की मांग पर कुलपति ने कार्यकारिणी परिषद् को सूचित किया कि विश्वविद्यालय में फीस निर्धारण समिति की अनुशंसा अनुसार ही सभी पाठ्यक्रमों की फीस ली जा रही है। कुलपति ने सदस्यों को छात्रहित में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यथोचित पग उठाने का आश्वासन दिया।

अंत में बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

(धनश्याम चंद) हि.प्र.से.
कुलसचिव
सदस्य–सचिव 11.6

पुष्टिकरण

(आचार्य सिकन्दर कुमार)
कुलपति / सभापति